St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

Hindi Grammar: (2nd Term) **(Answer Worksheet –12)** **Date: 07.09.2020**
Topic: अनुच्छेद लेखन **Class -3**

'हमारे राष्ट्रीय पक्षी मोर ' पर एक अनुच्छेद लिखो :-

संकेत बिंदु :-

1 राष्ट्रीय पक्षी

2 सुंदरता

3 गुण

4 नृत्य

5 रक्षा करना

हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर

मोर सबसे सुन्दर पक्षी है | यह हमारा राष्ट्रीयपक्षी है | मोर को ऊँची जगह बैठना बहुत पसंद है | मोर का मुँह और गला बैंगनी रंग का होता है | इसके पंखो का रंग हरा होता है , जिसमे चांदी जैसी बैंगनी , आसमानी , हरे , पीले रंगो से बनी आकृति होती है | मोर के पंख इतने कोमल होते है कि जैसे मखमल का कपडा हो | मोर की गर्दन पतली और सुराहीदार होता है | उसके पैरों का रंग मटमैला होता है |

मोर बहुत ही शांत और शर्मीला किस्म का पक्षी होता है | वह हमेशा तीन - चार मोरो के साथ रहता है | वह इंसानो से दूर रहना पसंद करता है | वह अक्सर बड़े पेड़ो की ऊँची डाल पर या फिर जंगलों में पाया जाता है | मोर बरसात के मौसम में बहुत खुश होता है और इतनी ख़ुशी के कारण वह अपने पंख फैलाकर धीरे - धीरे घूम कर नाचता है | मोर के नाचते समय उसके पंखो की आकृति आधे चाँद के जैसी होती है | मोर का नृत्य देखकर सब मोहित हो जाते है |

मोर के पंखो की बाजार में बहुत मांग होती है , क्योंकि इससे बहुत तरह का सामान बनता है , इसीलिए लोग इनका शिकार करने लगे और इनकी संख्या काम होने लगी | सरकार ने इस पर रोक लगा दी है| हमें मोर का शिकार नहीं करना चाहिए और सुन्दर पक्षी की रक्षा करनी चाहिए |

Poonam Mehra